A.B.M COLLEGE

GOLMURI - JSR - 3

# MODEL SET - 2

## ECONOMICS

### OBJECTIVE TYPE QUESTIONS

1. कौन - सी अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या है?
(Which is Central Problem of an economy)?

2. अर्थव्यवस्था को परिभाषित करें? (Define an Economy)

3. आर्थिक समस्या के उत्पन्न होने के क्या कारण है?
( Economic Problem arises due to - )

4. बाजार अर्थव्यवस्था का मुख्य उद्देश्य है -
(The main objective of a market economy is - )

5. उस वक्र का नाम बताइए जो आर्थिक समस्या को प्रकट करता है
Mention the name of Curve which shows economic - Problem).

6. चयन आवश्यक है क्योंकि - (Choice are necessary because

7. PP वक्र की ढाल बताता है - (The slope of PP Curve indicates)?

8.

| X (Units) | Y (Units) |
|---|---|
| 70 | 40 |
| 80 | 10 |

Y के स्थान पर, X वस्तु के उत्पादन की अवसर लागत क्या है?
What is the opportunity Cost of Producing goods X in the term of Y goods.

## SHORT TYPE QUESTIONS

9. आर्थिक समस्या से आप क्या समझते हैं?
(What do you mean by economic Problem)?

10. उत्पादन सम्भावना वक्र क्या है? (What is Production - Possibility Curve)?

11. "कैसे उत्पादन करना है" का क्या तात्पर्य है?
(What is the meaning of the problem "how to produce")?

12. अवसर लागत का अर्थ क्या है?
(What is the meaning of Opportunity Cost)?

13. PPC के दाहिने और खिसकाव के क्या कारण है?
(What is cause of rightword shift of PPC)?

## LONG TYPE QUESTIONS

14. आर्थिक समस्या क्यों उत्पन्न होती है? व्याख्या करें?
(Why does an economic problem arise? Explain.)

15. PPC क्या दर्शाता है? कौन-सी स्थिति में यह दाहिने खिसकेगा।
(What does a PP Curve Show? Which will it shift to right)?

A.B.M COLLEGE
GOLMURI - JSR

ANSWER                                INTER 2nd YEAR

MODEL SET - 2

ECONOMICS

OBJECTIVE TYPE QUESTIONS / ANSWER

1. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या चयन की समस्या है।

2. अर्थव्यवस्था :— किसी निश्चित क्षेत्रफल के अन्तर्गत प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक तथा परिवार क्षेत्रों द्वारा की जाने वाली आर्थिक क्रिया को सामूहिक रूप को अर्थव्यवस्था कहते हैं।

3. आर्थिक समस्या के उत्पन्न होने का प्रमुख कारण साधन की सीमितता तथा आवश्यकताओं का अनन्त होना है।

4. बाजार अर्थव्यवस्था का मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना है।

5. उत्पादन संभावना वक्र।

6. आवश्यकताएँ अनन्त है और साधन सीमित, इसलिए चयन की आवश्यकता होती है।

7. PP वक्र की ढाल बताता है कि एक वस्तु का अधिक उत्पादन करने के लिए। दूसरी वस्तु की कुछ मात्रा का त्याग करना पड़ता है।

8. Y के स्थान पर X वस्तु के उत्पादन की अवसर लागत -

X वस्तु की मात्रा में वृद्धि = Y वस्तु की मात्रा में कमी

10 = 30

3 Units

## SHORT TYPE QUESTIONS

9. आर्थिक समस्या — आर्थिक समस्या मुख्य रूप से चुनाव की समस्या से संबंधित है। हमारे पास साधन सीमित है लेकिन आवश्यकताएँ असीमित है, अतः किन आवश्यकताओं की संतुष्टि पहले की जाए, इसका चयन हमें करना पड़ता है। यही समस्या आर्थिक समस्या है जो साधनों की दुर्लभता के कारण उत्पन्न होती है।

आर्थिक समस्या की परिभाषा इस प्रकार से दी गई है-

(a) मिल्टन फ्रिडमैन — " आर्थिक समस्या उस समय उत्पन्न होती है जब वैकल्पिक उपयोगों वाले सीमित साधनों का प्रयोग किया जाता है। यदि साधन सीमित नहीं है, तो कोई आर्थिक समस्या उत्पन्न नहीं होगी। "

(b) प्रो० मिचलिच — " आर्थिक समस्या का संबंध मनुष्य को वैकल्पिक आवश्यकताओं के लिए सीमित साधनों के प्रयोग तथा उनके प्रयोग से अधिक से अधिक आवश्यकताओं की संतुष्टि से है। "

10. उत्पादन सम्भावना वक्र — उत्पादन संभावना वक्र वह रेखा है जो दो वस्तुओं के अधिकतम उत्पादन के उन विभिन्न संयोगों को दर्शाती है जिनका उत्पादन दिये हुए संसाधनों तथा तकनीक की सहायता से किया जाता है।


सैम्युलसन के अनुसार — " उत्पादन संभावना वक्र वह वक्र है जो दो वस्तुओं या सेवाओं के उन सभी संयोगों को प्रकट करता है जिनका अधिकतम उत्पादन एवं अर्थव्यवस्था के

था

के दिए हुए साधनों तथा तकनीक के द्वारा साधनों के पूर्ण रोजगार की स्थिति में संभव होता है।"

उत्पादन संभावना वक्र बायें से दायें नीचे की ओर ढालू होता है तथा मूल बिन्दु के नतोदर होता है।

प्रस्तुत चित्र में RS उत्पादन संभावना वक्र है जो वस्तु A तथा वस्तु B के विभिन्न संयोग को दर्शा रहा है।




उत्पादन संभावना वक्र

11. किसी भी अर्थव्यवस्था के पास संसाधन सीमित होते हैं तथा आवश्यकताएँ अधिक। इसलिए संसाधनों का प्रयोग करते समय यह ध्यान रखा जाता है कि संसाधन का अधिकतम उपयोग हो सके। इसके लिए निम्न निर्णय लिए जाते हैं-

(a) क्या उत्पादन किया जाए?
(b) कैसे उत्पादन किया जाए?
(c) किसके लिए उत्पादन किया जाए?

"कैसे उत्पादन किया जाए" संसाधनों के आवंटन से संबंधित समस्या है जो उत्पादन तकनीक के चुनाव की है। वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन (1) श्रम प्रधान उत्पादन तकनीक

या (2) पूँजी प्रधान उत्पादन तकनीक के द्वारा किया जाता है।

श्रम प्रधान उत्पादन तकनीक में श्रम की मात्रा अधिक तथा पूँजी की मात्रा का कम प्रयोग कर उत्पादन कार्य किया जाता है।

पूँजी प्रधान उत्पादन तकनीक में उत्पादन के लिए श्रम की कम मात्रा तथा पूँजी की अधिक मात्रा का प्रयोग किया जाता है।

अर्थव्यवस्था को उत्पादन की इन दोनों विधियों में चुनाव करना पड़ता है। इसके लिए उत्पादन की वह तकनीक प्रयोग की जानी चाहिए जिससे वस्तु की प्रति इकाई उत्पादन - लागत कम आए।

12. अवसर लागत — किसी वस्तु या सेवा की अवसर लागत, दूसरी वस्तुओं या सेवाओं की वह मात्रा है जिसका त्याग उस वस्तु सेवा साधन के उत्पादन के लिए किया जाता है।

प्रो० लेफ्टविच के अनुसार — "किसी वस्तु की अवसर लागत त्यागे गए वैकल्पिक पदार्थों का मूल्य होती है, जिन्हें उस वस्तु के उत्पादन में प्रयुक्त साधनों द्वारा उत्पन्न किया जा सकता है।"

बेन्हम के अनुसार – "किसी वस्तु की अवसर लागत वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है जिसका उत्पादन उन्हीं उत्पत्ति के साधनों द्वारा उसी लागत पर उस वस्तु के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।"

अतः किसी वस्तु की अवसर लागत सर्वोत्तम विकल्प त्यागने की लागत है।

**13. PPC के दाहिने और खिसकाव के कारण –**

एक अर्थव्यवस्था में संसाधनों की मात्रा में हमेशा परिवर्तन होते रहता है तथा उत्पादन तकनीक में सुधार होता रहता है। इसके कारण PPC में खिसकाव होता रहता है।

PPC के दाहिने और खिसकाव का कारण निम्न है –

(1) साधनों में वृद्धि – जब साधनों में वृद्धि होती है तब दोनों ही वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाना संभव हो जाता है, जो PPC को मूल बिन्दु से खिसकाकर दाहिनी ओर स्थानांतरित कर देती है।

(2) तकनीक में सुधार – जब दोनों ही वस्तुओं के लिए कुशलतम तकनीक का उपयोग कर उत्पादन किया जाता है तब

दोनों ही वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि होगी जो PPC को दाहिने और खिसका देगी।

14. आर्थिक समस्या का मूल कारण साधनों की सीमितता का ही साधनों के सीमित होने के कारण चुनाव या चयन की समस्या उत्पन्न होती है।
अर्थात यह चुनाव करना पड़ता है कि किन वस्तुओं का उत्पादन पहले किया जाए तथा कितनी मात्रा में किया जाए।
आर्थिक समस्या उत्पन्न होने और भी कारण है जो निम्नलिखित है —

(1) अनन्त आवश्यकताएँ — मनुष्य की आवश्यकताएँ असीमित होती हैं इनका कोई अंत नहीं है। जब कुछ आवश्यकताओं की संतुष्टि हो जाती है तो कई नई आवश्यकताएँ जन्म ले लेती हैं। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन सीमित होते हैं अतः यह चयन की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

(2) सीमित साधन — उत्पादन के प्रमुख साधन भूमि, पूँजी, श्रम, साहस हैं ये साधन सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं। आवश्यकताएँ अनन्त हैं लेकिन साधनों की सीमितता के कारण आर्थिक समस्या उत्पन्न होती है।

(3) साधनों के वैकल्पिक प्रयोग — साधन सीमित होते हैं और उनका वैकल्पिक प्रयोग भी किया जाता है, जिसके कारण चुनाव की समस्या आती है। जैसे - बिजली का प्रयोग रोशनी के लिए, खाना पकाने के लिए, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर चलाने के लिए तथा अन्य कामों के लिए किया जा सकता है।
अतः यहाँ यह समस्या उत्पन्न हो जाती है कि पहले किस आवश्यकता की पूर्ति की जाए।

इस प्रकार, अनन्त आवश्यकताओं की तुलना में साधनों की सीमितता आर्थिक समस्या को उत्पन्न करती है। इसके लिए साधनों के कुशलतम प्रयोग की आवश्यकता होती है जिसे साधनों की मितव्ययिता या किफायत कहा जाता है।

15. उत्तर सेट - 10 और 13 में देखें।